## मेडिकल कॉलेज में दाखिले के नाम पर ठगे 10 लाख

### बिचौलिया जब रुपए लेने पहुंचा तो पुलिस ने धर दबोचा



**शहडोल, देशबन्धु।** मेडिकल कॉलेज में छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाने के नाम पर भारी भरकम राशि के लेन देन होने का भंडाफोड़ हुआ है। कोतवाली पुलिस ने छत्तीसगढ़ निवासी एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जिसने एक व्यक्ति की बेटी का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करवाने के नाम पर 10 लाख रुपए ठग लिए। इसके बाद भी वह और रुपयों की मांग कर रहा था। लेकिन रुपए लेने के लिए जब वह शहडोल पहुंचा तो कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाणगंगा कॉलोनी निवासी गंगासागर सिंह की बेटी ने 2024 में नीट की परीक्षा पास की थी। मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए भिलाई के एक बिचौलिए अजय पांडेय से उनका 10 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। जिसके बाद गंगासागर ने एडमिशन के लिए बिचौलिए अजय पांडेय को 10 लाख रुपए दे दिए, लेकिन इसके बाद भी उनकी बेटी का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन नहीं हो सका। जब छात्रा का एडमिशन जोधपुर में हो गया तो गंगासागर ने बिचौलिए अजय पांडेय से अपने दस लाख रुपए वापस मांगे तो उसने जोधपुर में एडमिशन कराने के नाम पर रुपए खर्च होना बता दिया और इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया।

बिचौलिया अजय पांडेय 8 लाख रुपए अतिरिक्त मांग रहा था। रुपए नहीं देने पर उसने पीड़ित के सोशल मीडिया अकाउंट में धमकी भरा मैसेज भी भेज दिया। इसके बाद गंगासागर ने बिचौलिए अजय पांडेय को बकाया रुपए देने के लिए भिलाई से शहडोल बुलाया। इतना ही नहीं गंगासागर ने इस बात की पूरी जानकारी कोतवाली पुलिस को पूर्व में दे दी और बिचौलिया अजय पांडेय शहडोल रुपए लेने पहुंचा कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि

फरियादी गंगा सागर सिंह उम्र 50 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 15, बाणगंगा तिराहा, रीवा रोड, शहडोल की शिकायत पर आरोपी अजय पाण्डेय, निवासी भिलाई (छत्तीसगढ़) के खिलाफ धारा 316(2), 318, 308(3), 308(4), 308(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी अजय पाण्डेय को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## प्राचार्य ने जातिगत रूप से किया अपमानित

**शहडोल, देशबन्धु।** हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाली आदिवासी छात्राओं को वहां पदस्थ सामान्य जाति के प्राचार्य द्वारा जातिगत रूप से अपमानित करने का एक मामला सामने आया है। पीड़ित छात्राएं शहडोल पहुंची और उन्होंने इस बात की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जिसके बाद हड़कंप मच गया। इस संबंध में एक जांच कमेटी बनाई गई है।

आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर की दर्जनों छात्राएं कलेक्ट्रेट पहुंची। इन छात्राओं का कहना है कि वहां पदस्थ सामान्य जाति के प्राचार्य द्वारा उन्हें जातिगत रूप से अपमानित किया जाता है। छात्राओं के कुछ कहने पर प्राचार्य कहते हैं कि तुम लोग गरीब जाति के आदिवासी हो। छात्राओं ने कन्या परिसर में कार्यरत एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी पर भी कई आरोप लगाए हैं।

कलेक्टर तक अपनी बात रखने के लिए परिसर से निकली छात्राओं को कई बार रास्ते में रोकने का प्रयास किया गया। कंचनपुर शिक्षा परिसर के बाहर तक स्टाफ ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन छात्राएं नहीं रुकीं और बस से सुबह 8.30 बजे जिला मुख्यालय पहुंच गई।

उन्हें समझाने के लिए प्राचार्य भी कलेक्ट्रेट तक आ पहुंचे। इस बीच छात्राओं के कलेक्ट्रेट पहुंचने की जानकारी लगते ही जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा भी कलेक्ट्रेट पहुंच गए और उन्होंने छात्राओं से चर्चा की।



### छात्राओं ने शहडोल पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई

लेकिन छात्राओं का कहना था कि वे कलेक्टर से मिलकर अपनी बात रखे बिना वापस नहीं जाएंगी। इसके बाद सहायक आयुक्त श्री सिन्हा ने इस बात की जानकारी फोन पर कलेक्टर केदार सिंह को दी।

इस चर्चा के कुछ देर बाद सोहागपुर एसडीएम धनंजय शाह कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने छात्राओं से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में काफी देर तक चर्चा की और उनकी बातों को सुना। उन्होंने छात्राओं को समझाइश देकर कार्रवाई का भरोसा भी दिया। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री सिन्हा ने इस संबंध में बताया कि छात्राओं द्वारा की गई शिकायत की जांच करने के लिए एक कमेटी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि जांच कमेटी में दो डिप्टी कलेक्टर, चार प्राचार्य और एक क्षेत्र संचालक शामिल हैं। सहायक आयुक्त का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### मारपीट की शिकायत दर्ज नहीं की पुलिस ने, पता चलने पर विरोधियों ने कर दी हत्या

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के सिमरिया थाना अन्तर्गत ग्राम बिरासन में पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही पडोसियों द्वारा बुजुर्ग दम्पत्ति के साथ मारपीट की गई। जिसकी शिकायत दर्ज कराने के लिए संबंधित सिमरिया थाना पंहुचे लेकिन उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई, वह वापिस अपने घर आ गयें शिकायत की जानकारी मिलने पर आरोपी पक्ष द्वारा बृद्ध को लाठीयों से बुरी तरह मारपीट की गई। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हक्की बाई अहिरवार पति किशोर अहिरवार 60 वर्ष का कडोरा चौधरी से पूर्व मे विवाद हो गया था।

### डायल 100 में तैनात पुलिसकर्मियों की सजगता से बेटी पहुंची परिजनों के पास

**उमरिया, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय उमरिया में रेलवे स्टेशन पर हुए विवाद के बाद रेलवे स्टेशन में देर रात पहुंचने वाले पैसेंजर और उनके परिजनों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। लेकिन इसी बीच राहत भरी खबर यह है कि उमरिया पुलिस के जवान रेलवे स्टेशनों की भी गश्ती रात में कर रहे हैं। मामला उमरिया के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र का है। जहां डायल 100 में तैनात, स्ढ्ढ संदीप शुक्ला, प्रधान आरक्षक धर्मचंद और आरक्षक संजय गौलिया नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन निरीक्षण पर थे। उन्हें एक लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में बैठे हुए दिखाई दी। पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जब लड़की के बैग की तलाश ली गई तो उसमें लड़की की पूरे शैक्षणिक डॉक्यूमेंट मिले।

डायल 100 ड्यूटी में तैनात एएसआई संदीप शुक्ला ने तत्परता दिखाते हुए मौके से ही लड़की के मोबाइल से उनके परिजनों से रात दो बजे बात की। बातचीत के दौरान पता चला कि दोपहर बाद से लड़की की तलाश परिजन कर रहे हैं। लेकिन लड़की का पता नहीं चल पा रहा था। सूचना मिलने के तुरंत बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजन तत्काल देर रात ही अनुपपुर के राजेंद्र ग्राम के पास स्थित अपने गांव जरही से चार पहिया वाहन के माध्यम से नौरोजाबाद थाना की ओर रवाना हुए। परिजनों ने बताया कि हमारी बिटिया सुबह 8:30 बजे घर से कॉलेज के लिए निकली थी। कॉलेज का समय होने के बाद जब लड़की घर नहीं पहुंची तो लगातार मोबाइल पर कॉल किया जा रहा था। लेकिन तीन बजे के आसपास लड़की ने अपना मोबाइल बंद कर लिया था। शाम होते-होते आसपास के परिचितों सहित रिश्तेदारों को भी फोन किया गया। लेकिन कहीं पता नहीं चला। रात दो बजे नौरोजाबाद थाना के पुलिसकर्मियों से जानकारी मिलने के बाद सुबह हम नौरोजाबाद थाना पहुंचे हैं। पुलिस ने हमारी 19 वर्षीय बेटी को हमें सुपर्द किया है।

### छात्रावास में लगी महात्मा गांधी की मूर्ति का चश्मा टूटा



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के चंदिया में स्थित छात्रावास के कैंपस में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति का चश्मा टूट गया है। जानकारी के बाद सहायक आयुक्त में जांच के निर्देश देने के साथ सुधार कराने की बात कही है।

### यातायात थाने में पदस्थ हवलदार सिंह बने एसआई




**शहडोल, देशबन्धु।** यातायात थाना शहडोल में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (ए एस आई) हवलदार सिंह की पदोन्नति कार्यवाहक उप निरीक्षक(एस आई) के पद पर हुई है। श्री सिंह की पदोन्नति होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नवागत पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने उनकी वर्दी पर स्टार लगाया और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर डीएसपी मुख्यालय राघवेंद्र द्विवेदी भी उपस्थित रहे। श्री सिंह की यह पदोन्नति पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा की गई है। पदोन्नति के उपरांत उन्हें जिला शहडोल में ही यथावत रखा गया है।

## मुदरिया के नजदीक दिखा हाथियों का दल

### पूर्वी रेंज में लगातार बना हुआ है मूवमेंट

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** नगर परिषद क्षेत्र के कुछ ही दूरी पर मुदरिया के नजदीक प्लांटेशन में हाथियों के दल को आज शाम 6:40 बजे देखा गया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुदरिया के बाद हाथियों का झुंड खरपा की ओर लौट गया है अभी कुछ दिनों पहले अखेतपुर में एक घर को हाथियों द्वारा नष्ट किया गया था।

वन्य अधिकारियों के मुताबिक हाथी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व निकालना चाहते हैं लेकिन उन्हें रास्ता नहीं मिल पा रहा है क्योंकि हाथी को शांति पसंद है लोग शोर श्रावक करने लगते हैं जिससे हाथी भड़क करके उन पर हमला भी कर सकते हैं घरों को नुकसान पहुंचा सकते, इसलिए यदि शांतिपूर्वक हाथी निकल रहे हैं तो उनको निकल जाने दे हाथियों को छेडें नहीं। हाथियों के निगरानी में पूर्वी रेंज का अमला अपने पूरे संसाधनों के साथ लगा हुआ है कि किसी तरह की जान माल की हानि ना हो हाथियों के मूवमेंट की जानकारी भी गांव वालों को आगे से दी जा रही है।



### संजय टाइगर रिजर्व के कोर जोन दुबरी से आए हैं हाथी

## कलेक्टर को एक पेड़ मां के नाम पोस्टर सौंपा ज्ञापन



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र उमरिया (माय भारत) के पर्यावरण मित्रों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान में सहभागिता निभाने के उद्देश्य से पोस्टर्स के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उमरिया कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन को पर्यावरण मित्रों की टोली ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में पोस्टर भेंट किया।

कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन ने पर्यावरण वॉलिंटियर्स की सराहना करते हुए कहा कि पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सभी को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी को खूबसूरत और हरा भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। साथ ही उन्होंने जिले वासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। सभी के लिए पौधारोपण करना और उसे बचाना बेहद जरूरी है।

पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। महीने में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। शुभ अवसरों पर भी पौधरोपण जरूर करें और उसके संरक्षण का कार्य भी करें। पेड़-पौधों का भी अपना परिवार है। इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, वर्षा बर्मन, खुशबू बर्मन एवं सभी उपस्थित रहे।



## समाजवादी पार्टी ने मनाई पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती

**पन्ना, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहें नेता जी मुलायम सिंह यादव की जयंती समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे देश में मनाई गई। इसी कड़ी में पन्ना जिले मे भी नेता जी की जयंती स्थानीय सर्किट हाउस में उपस्थित सभी लोगो नें मनाई। उनके चित्र पर माल्यपर्ण करते हुए नेता जी के व्यक्तिव एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी मुलायम सिंह यादव सर्वहारा वर्ग के नेता रहें है। इस लिए उन्हे धरती पुत्र कहा जाता था। उन्होने उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते हुए व्याप्क विकास किया तथा देश का रक्षा मंत्री रहकर देश की सेना को बहुत मजबूत किया। इस अवसर पर पार्टी के अध्यक्ष दशरथ सिंह यादव, सतीश दुबे, नत्थु सिंह यादव सहित भारी संख्या में सभी अन्य दलों के नेता एवं आमजन शामिल रहे।

## पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के अजयगढ़ थाना अन्तर्गत खन्दिया हनुमान मंदिर के बाजू के जंगल मे पेड़ से झूलती हुई एक युवक की छत बिछत अवस्था में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 22 नवंबर को दोपहर करीब 3:00 बजे जंगल में लकड़ी बीनने गए एक व्यक्ति को पेड़ में लटकी हुई एक लाश दिखाई दी, युवक के द्वारा लाश मिलने की जानकारी अजयगढ़ थाना पुलिस को दी गई, इसके बाद अजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने मौके पर जाकर पेड़ पर लटकी हुई लाश की तपतीश शुरू की लास काफी पुरानी दिखाई दी जिससे लाश को पहचाना मुश्किल हो रहा था। उसके शरीर में जीर्णशीर्ण हालत मे एक शर्ट थी, जिसमें आधार कार्ड पड़ा हुआ था। उक्त आधार कार्ड में विनोद सिंह लोधी पिता नरेन्द्र सिंह नाम लिखा हुआ था तथा पता ग्राम लामी थाना धरमपुर लिखा हुआ है उसी आधार पर पुलिस द्वारा म्रतक के परिजनों को बुलाया गया जिस पर उसकी पहचान की गई। पुलिस नें पंचनामा बनाकर लाश का पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया।

## अशिक्षित महिला सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर रोजगार सहायक ने निकाले लाखों




**पन्ना, देशबन्धु।** गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुंगरहा में रोजगार सहायक अनुराग पटेल द्वारा लाखो का फर्जीवाड़ा किया गया है तथा दलित अशिक्षित महिला सरपंच खिल्ली बाई के फर्जी हस्ताक्षर करके राशि निकाल ली गई है।

उक्त मामले की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी गुनौर धीरज चौधरी द्वारा संबंधित रोजगार सहायक को कारण बताऔ नोटिस जारी करते हुए उल्लेख किया गया कि स्वच्छता प्रोत्साहन के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली राशि में व्याप्क फर्जीवाड़ा किया गया है, इसके संबंध में तीन दिवस के अन्दर संतोषजनक जवाब दिया जाये, नहीं तो कठोर कार्यवाही की जायेगी। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायतों में भारी भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है, सरपंच, सचिव, उपयंत्रीयों द्वारा मिलकर निर्माण तथा विकास कार्यो के नाम पर लाखो रूपये की राशि बिना कार्य किये ही फर्जी मस्टर एवं मटेरियल के बिल लगाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।




## किसानों के साथ 35 लाख का गबन करने वाले गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना के नेतृत्व में पन्ना पुलिस टीम द्वारा वर्ष 2022 में भोले भाले किसानो का गेहूँ खरीदकर उपार्जन केन्द्र से 35 लाख रूपये का गबन करने वाले 03 आरोपियों को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार।

मामले में फरियादी राजेश साकल्ले पिता स्व. राधाकृष्ण साकल्ले उम्र 59 साल निवासी प्रभारी जिला प्रबन्धक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड जिला पन्ना द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट की गई कि स्व सहायता समूह बराछ केन्द्र क्र 01 व 02 में माँ काली स्व सहायता समूह बराछ केन्द्र द्वारा किसानों का भुगतान नहीं किया गया है साथ ही उक्त समूह द्वारा गेहूँ खरीदी में गंभीर अनियमितता की गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अप.क्र. 585/22 धारा 420, 409, 406 ताहि0 का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईकृष्णा एस थोटा के निर्देशानुसार थाना स्तर पर निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा मामले में फरार आरोपीगणो की गिरफतारी हेतु लगातार प्रयास किये गये। उक्त मामले में घटना दिनांक से फरार तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों नें बृज किशोर पटेल पिता कमला प्रसाद, निवासी बराछ, जलज कुमार चतुर्वेदी पिता द्वारिका प्रसाद, निवासी बराछ, तथा चन्द्रेश राजपूत पिता पर्वत सिंह राजपूत निवासी गौरा, को गिरफ्तार किया गया है।

## स्वच्छता को लेकर सफाई मित्रों की कार्यशाला

**पन्ना, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा सफाई मित्रो, कचरा बीनने वालां एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं पुराने के कचरे के उपचार हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डे उपस्थित रही। इस अवसर पर दिल्ली से आई स्वच्छ भारत अभियान की विशेषज्ञ व साहस संस्था की सीईओ श्रीमती अर्चना त्रिपाठी ने नगर पालिका परिषद पन्ना को कचरा रहित शहर बनाने में नि:शुल्क योगदान करने की बात कही।

इस कार्य हेतु मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कचरा प्रबंधन के विशेषज्ञ, पूर्व सीएमओ डी डी तिवारी ने बताया कि सफाई मित्र सुरक्षा उपकरण पहिनकर ही सफाई का कार्य करे इसके लिये नगर पालिका द्वारा उन्हें फिलोरो सेंट जैकिट, मास्क, गल्बज, वर्दी, हैलमेट, प्रदान किये जायेगें। जिसका वह उपयोग करें। तथा नाली में सफाई करते समय गम्बूट का उपयोग करना है स्वच्छता कर्मियो अनौपचारिक कचरा बीनने वालो स्वसहायता समूहों तथा तरल अपशिष्ट प्रबधन में कार्य करने वाले ऑपरेटर्स को नगर पालिका सुरक्षा किट उपलब्ध करायेगी। कोई भी कर्मचारी सैप्टिक टेंक हाथ से साफ नही करेगा। इसके लिये मशीनीक़ृत व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की गई है। प्रत्येक तीन साल में सैप्टिंक टेंक की सफाई करवाना हर भवन स्वामी की जिम्मेदारी है। सफाई मित्रों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित तीन योजनाओ का लाभ भी दिया जावेगा। जिन्हें यह लाभ प्राप्त न हुआ हो वह नगर पालिका आवेदन दे सकते है।



इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले द्वारा सफाईमिश्र धर्मेन्द्र बालमीक, विजय बालमीक एवं अजय बालमीक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तथा उन्हें सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर साहस संसथा के नरेंद्र कुशवाहा, मनोज अस्थाना ने बताया कि नगर के पांच वार्डों में गीला, सूखा कचरा अलग-अलग कराने हेतु उनकी टीम सेवाएं दे रही है और अन्हें वार्डवासियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। नोडल अधिकारी अजीत सिंह धुर्वे ने बताया कि होटल, मैरिज हाउस परिसर में गीले कचरे से खाद बनाना एवं एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने उसके स्थान पर स्टील के बर्तन, क्रॉकरी का उपयोग करने के निर्देश दिये गये हैं।

स्वच्छता निरीक्षक बीरेन्द्र चौरसिया ने बताया कि होटल मैरिज हाउस में प्लास्टिक के वर्तन उपयोग करने वालों पर एक हजार रूपये तक का जुर्माना किया जायेगा। इस अवसर पर सफाई मिश्रों के साथ सलमान खान, अंजनी भार्गव, भरत बालमीक एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।